कार्यालय निदेशक / वन संरक्षक, नन्दादेवी बायोस्फियर रिजर्व, गोपेश्वर।

Email dirndbr-forest-uk@nic.in Off. Ph.&fax 01372252497
वन मित्र कॉलसेंटर – 920 800 8000

nandadevi biosphere reserve

पत्रांक– 344 / 12-1 गोपेश्वर दिनांक 24 जुलाई 2020.

सेवा में,

अपर प्रमुख वन संरक्षक
एवं नोडल अधिकारी वन संरक्षण,
इन्दिरानगर, फॉरेस्ट कॉलोनी,
देहरादून।

विषयः– जनपद चमोली में कर्णप्रयाग–नौटी–पैठाणी मोटर मार्ग से ग्राम गैरोली तक मोटर मार्ग निर्माण हेतु 0.86 है0 वन भूमि हस्तान्तरण के सम्बन्ध में। **FP/UK/ROAD/31469/2018.**

सन्दर्भः– उप वन संरक्षक, केदारनाथ वन्यजीव प्रभाग, गोपेश्वर का पत्रांक 406 / 12–1, दिनांक 24.07.2020।

महोदय,

उपरोक्त विषयक प्रकरण पर उप वन संरक्षक, केदारनाथ वन्यजीव प्रभाग, गोपेश्वर द्वारा पत्रांक 406 / 12–1, दिनांक 24.07.2020 से आख्या ऑनलाइन से प्रेषित की गयी है। कृपया प्रकरण पर अग्रेत्तर कार्यवाही करने की कृपा करें।

संलग्न :– यथोपरि।

भवदीय,

(बी0पी0 सिंह)
निदेशक / वन संरक्षक
नन्दादेवी बायोस्फियर रिजर्व, गोपेश्वर।

कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी केदारनाथ वन्यजीव प्रभाग, गोपेश्वर।

पत्रांकः— 406 / 12—1 गोपेश्वर, दिनांक 25-7-2020

सेवा में,

अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी,
वन संरक्षण, भूमि सर्वेक्षण निदेशालय,
इन्दिरानगर फारेस्ट कालोनी,
देहरादून।

द्वाराः— निदेशक / वन संरक्षक, नन्दादेवी वायोस्फियर रिजर्व गोपेश्वर ।

विषयः— **जनपद चमोली में कर्णप्रयाग—नौटी—पैठाणी मोटर मार्ग से ग्राम गैरोली तक मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 0.860 है0 वन भूमि का लो0नि0वि0 को हस्तान्तरण।**

महोदय,

उपरोक्त विषय के क्रम में चाही गई सूचना प्रस्तावक विभाग द्वारा निम्नानुसार प्रेषित की गई है:—

कस	प्रश्न	उत्तर
1	बिन्दु सं0 02 के प्रतिउत्तर में राज्य सरकार द्वारा प्रस्तुत के0एम0एल0 फाईल पर प्रस्तावित मार्ग का आरम्भ बिन्दु अभी भी सही प्रतीत नहीं होता है। अतः राज्य सरकार प्रस्तावित मोटर मार्ग का आरम्भ बिन्दु दर्शाते हुये सही के0एम0एल0 फाईल ऑनलाइन पैरा C (ii) (b), part I पर अपलोड करें। साथ ही लाभान्वित ग्रामों की स्थिति भी के0एम0एल0 फाईल पर अंकित करना सुनिश्चित करें।	existing road KML file पर बेंगनी (Violet) रंग (कर्णप्रयाग—नौटी—पैठाणी मोटर मार्ग एस0एच0 34) से प्रदर्षित किया गया है व ग्राम कनोठ व गैरोली को भी के0एम0एल0 फाईल पर दर्शा कर निर्धारित कॉलम में अपलोड कर दिया गया है।
2	लाभान्वित ग्रामों की मुख्य मार्ग से दूरी की जानकारी प्रस्तुत करें तथा इन ग्रामों को मुख्य मार्ग से पृथक—पृथक जोड़ने के विकल्प का परीक्षण कर सम्बन्धित विवरण प्रस्तुत करें।	मुख्यतः लाभान्वित ग्राम कनोठ व गैरोली (अन्तिम बिन्दु) है। मोटर मार्ग के निर्माण के उपरान्त ग्राम कनोठ लगभग 800 मी0 व ग्राम गैरोली 3.00 कि0मी0 पर मुख्य मार्ग से जुडेगा। इन ग्रामों को जोड़ने हेतु चयनित संरेखण ही उपयुक्त है। जो कि तकनीकी रूप व भूगर्भवेता द्वारा भी उचित बताया गया है। अन्यत्र कोई भी उचित विकल्प उपलब्ध नहीं है। क्योकिं मुख्य मोटर मार्ग के नीचे छोटे—छोटे ग्राम भी है जिन पर मलबा गिरने का अत्यन्त खतरा है। महोदय आपसे सादर अनुरोध है कि यह भौगोलिक रूप से पहाडी इलाका है जहॉ पर वर्षाकाल व किसी व्यक्ति के बीमार होने पर मुख्य मार्ग तक पहुँचने में न्यूनतमक 1 घंटे का समय लग जाता है। जिससे जान—माल की क्षति बनी रहती है।
3	बिन्दु संख्या 05 के प्रतिउत्तर में Employment detail अभी भी सही प्रतीत नहीं होता है। अतः राज्य सरकार सही employment detail ऑनलाइन Para E, part I पर अपलोड कराना सुनिश्चित करें।	Employment detail निर्धारित कॉलम में सही आनलाइन अंकित कर दिया गया है।

सुलभ संदर्भ हेतु अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड लो0नि0वि0 गौचर के पत्र की छायाप्रति संलग्न कर प्रेषित की जा रही है। अतः अनुरोध है कि विषयाँकित प्रकरण में अग्रेत्तर कार्यवाही करने की कृपा करें।

भवदीय,

(अमित कंवर)
प्रभागीय वनाधिकारी,
केदारनाथ वन्यजीव प्रभाग, गोपेश्वर।